जल्द शुरू होगा मेट्रो 3 का पहला चरण!

कई सालों से लोग कर रहे हैं बेसब्री से इंतजार

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबईकर बीते कई सालों से अंडरग्राउंड मेट्रो (मेट्रो 3) का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब यह इंतजार खत्म होने वाला है. क्योंकि जल्द ही मेट्रो 3 का पहला चरण (आरे-बीकेसी) जनता के लिए खोल दिया जाएगा. इस लाइन के टनलिंग का काम 6 साल पहले शुरू हुआ था. मिली जानकारी के अनुसार, प्राधिकरण फिलहाल शार्ट स्ट्रेच पर ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है. पटरियों की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए ट्रेन शुरुआत में सिद्धिविनायक या दादर स्टेशन तक चलेगी. मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) का मानना है कि इस रूट पर ट्रायल रन की योजना बनाने के लिए यह शुरुआती रन अनिवार्य है. बता दें कि अब तक दादर स्टेशन तक ओवरहेड विद्युतीकरण (ओएचई) और ट्रैक-बिछाने जैसे प्रमुख कार्य किए जा चुके हैं.

धारावी से वर्ली को जोड़ने वाले चरण 2 में 3 स्टेशन होंगे

मुंबई मेट्रो प्राधिकरण ने कफ परेड-बीकेसी-सीप्ज कॉरिडोर को तीन चरणों में खोलने की योजना बनाई है. सीप्ज को बीकेसी से जोड़ने वाले पहले चरण का संचालन जल्द शुरू हो जाएगा, इसे वर्ली तक बढ़ाया जाएगा, जो की दूसरे चरण में शामिल है. अंतिम चरण में कफ परेड पर समापन होगा. अधिकारी ने बताया कि कई समय सीमाएं चुकने के बाद मेट्रो 3 कॉरिडोर के चरण 1 का संचालन जून या जुलाई तक शुरू होने की उम्मीद है. इस खंड में आरे से बीकेसी तक कुल आठ स्टेशन होंगे, जबकि धारावी से वर्ली को जोड़ने वाले चरण दो में तीन स्टेशन होंगे और वर्ली से कफ परेड तक तीसरे चरण में 12 स्टेशन होंगे. यात्री भार के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए एमएमआरसीएल ने पहले ही बीकेसी और आरे के बीच मलबे से भरी बोरियों का परीक्षण शुरू कर दिया है.